हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 जून 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 29 डिग्री


13 इंजीनियर बनने छात्रों में रूचि कम, पीईटी परीक्षा में केवल 413 ...





14 विडंबना : चार वार्डों से घिरा चौक सफाई के लिए तरस रहा




## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत सम्मान कल

**धमतरी**। महासमुंद लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी 15 जून को धमतरी प्रवास पर रहेंगी। जिलाध्यक्ष भाजपा प्रकाश बैस, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, विस संयोजक प्रकाश गोलछा, मंडल अध्यक्ष विजय साहू, मुरारी यदु, हेमंत चंद्राकर, उमेश साहू ने बताया कि सुबह 11 बजे भोथली मंडल के ग्राम सिवनी में सांसद का भव्य स्वागत होगा। 1.30 बजे गंगरेल मंडल में आगमन होने पर आमंत्रण हैरिटेज रूद्री तथा आमदी मंडल के ग्राम रांवा में शाम 3 बजे सम्मान और जनसंपर्क होगा। 5 बजे धमतरी शहर पहुंचेंगी। बिलाईमाता दर्शन के बाद सदर बाजार से घड़ी चौक पदयात्रा एवं घड़ी चौक में आयोजित सभा को सांसद संबोधित करेंगी।



### आज इंडोर स्टेडियम में नजूल शिविर

**धमतरी**। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार धमतरी नगर क्षेत्र अंतर्गत नजूल प्रकरण (फ्री होल्ड, नवीनीकरण, शिकायत आवेदन के सबंध में) नजूल भू-भाटक, पर्यावरण उपकर, अधोसंरचना उपकर, पिछला बकाया व अर्थदण्ड की राशि की वसूली नजूल से संबंधित आरआरसी की वसूली समेत अन्य विविध वसूली के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार 14 जून को इण्डोर स्टेडियम धमतरी में नजूल शिविर लगेगा। इस शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठापारा, अम्बेडकर, नयापारा, रामसागरपारा, डाकबंगला, सोरिदभाट, जोधापुर, विवेकानन्द नगर, रिसाईपारा पश्चिम वार्ड, टिकरापारा और रिसाईपारा पूर्व वार्ड के लोग सम्मिलित होंगे।

### प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवेदन 1 जुलाई तक

**धमतरी**। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो 12 वीं बोर्ड परीक्षा जीव विज्ञान एवं गणित विषय के साथ न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की है और ड्रॉप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनसे एक जुलाई तक आदिवासी विकास विभाग धमतरी में आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी आवेदन पत्र एवं योजना से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट ट्रीबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर अवलोकन कर सकते हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी**। अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी सोहेल अली पिता अहमद अली उम्र 23 वर्ष मजदूरी करता था। बुधवार को युवक व उसके परिजन मजदूरी करने गये थे। घर में 10 साल का एक बच्चा था। दोपहर में युवक ने घर के सिलिंग पंखे में गमछा का फंदा बना फांसी लगा ली। बच्चे ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। मोहल्लेवासी घर के भीतर गये तो फंदे पर लटका युवक हिचक रहा था। जीवित होने की संभावना के चलते युवक को नीचे उतारकर उपचार के लिये मसीही अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मेमो प्राप्त होने पर चौकी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शाम तक शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### दो साल से किराए के मकान में संचालित था प्राइमरी स्कूल, भवन बनाने प्रशासन का ध्यान नहीं

# खड़पथरा में पेड़ के नीचे बच्चे गढ़ रहे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगरी ब्लाक के ग्राम खड़पथरा में प्राथमिक शिक्षा का बुरा हाल है। विगत दो साल से किराये के भवन में स्कूल संचालित होने के बाद अब पेड़ के नीचे बैठकर बच्चे पढ़ने के लिए मजबूर हैं। गुरुवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्राथमिक शाला निर्माण कराने की मांग की है।

नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत भड़सिवना के आश्रित ग्राम खड़पथरा की शाला विकास समिति एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि खड़पथरा में सन 1982 से प्राथमिक शाला संचालित हो रही है। 1982 में ही शासन ने प्राथमिक शाला का निर्माण कराया था। 40 साल में स्कूल भवन जर्जर होकर टूट-फूट गया है। विगत दो साल से किराये के मकान में स्कूल संचालित किया जा रहा था, लेकिन भवन किराये की राशि की व्यवस्था नहीं होने के कारण अब बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बारिश, धूप, ठंड में पेड़ के नीचे स्कूल संचालन से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। स्कूल भवन नहीं होने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होते जा रहा है। इस समस्या से ग्राम एवं स्कूल समिति द्वारा संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया गया लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शीघ्र स्कूल निर्माण कराने की मांग की है।

आवेदन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से ग्राम पटेल सोहनलाल साहू, रामाधार, विनोद सोम, शंकरलाल, दमनल उपस्थित थे।

#### शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा

खड़पथरा के ग्रामीणों ने एक अन्य शिकायत में कहा है कि राजस्व ग्राम खड़पथरा 2.35 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। गांव में 120 परिवार तथा जनसंख्या 500 है। रिहायशी क्षेत्र का अधिकांश भू-भाग शासकीय है। विगत कुछ वर्षों से गांव में खाली पड़ी शासकीय जमीन पर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर बेजा कब्जा किया जा रहा है। अतिक्रमण के कारण आमोद-प्रमोद, सांस्कृतिक गतिविधियां, सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए कोई जगह नहीं बची है। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की मांग कलेक्टर से की है।

## मानसून की चाल हुई सुस्त

- पांच दिन में दक्षिण छग से मध्य छग नहीं पहुंचा, 16 से बारिश की गतिविधियां होगी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानसून की सुस्त चाल और बेतहाशा गर्मी से लोग बेचैन हो गए हैं। 7 जून को छत्तीसगढ़ की सीमा टच करने के बाद अब तक मानसून दक्षिण छग से मध्य छग तक नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि 16 जून से बारिश की गतिविधियां तेज होंगी।

उल्लेखनीय है कि इस साल मानसून निर्धारित समय से दो दिन पहले केरल पहुंच गया था। 7 जून को दक्षिण छग की सीमा को टच करने के बाद यह सुस्त पड़ गया। 8 जून को सुकमा जिले में प्रवेश किया। 4 दिन बाद 12 जून को बीजापुर पहुंचने की जानकारी मौसम विभाग ने दी। 13 जून को दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण छग के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ पाया है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार दो दिनों तक उत्तर छग में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। 16 जून से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। आगामी तीन दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। शुक्रवार को प्रदेश के एक दो स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। गरज-चमक के साथ अंधड़ और बिजली गिरने की चेतावनी है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पश्चिम बिहार से पश्चिम बंगाल असम होते हुए नागालैंड तक समुद्र तल से 0.9 किमी की उंचाई पर मौजूद है।

## झुंझराकसा में स्वीकृति बिना रोड का भूमिपूजन

- कमार बस्ती तक रोड बनाने की स्वीकृति दिलाने कलेक्टर से मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




पीएम जनमन योजना के तहत कमारपारा में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन होने के बाद रोड निर्माण की स्वीकृति नहीं होने का मामला कलेक्टोरेट पहुंचा है। झुंझराकसा सरपंच सहित ग्रामीणों ने कमार बसाहट तक सीसी रोड की स्वीकृति दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।

बेलरगांव तहसील के ग्राम पंचायत झुंझराकसा की सरपंच कुलेश्वरी मरकाम सहित कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण अनिल कुंजाम, बालसिंग, धनाजी आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि पीएम जनमन योजना के तहत कमार बस्ती झुंझराकसा में कंवलसिंह के घर से दारूराम के घर तक 300 मीटर सीसी रोड निर्माण के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय से फारेस्ट विभाग को भूमिपूजन के लिए आदेश जारी किया गया। भूमिपूजन करने के बाद रोड निर्माण के लिए सामग्री भी डाली जा चुकी थी। अब उक्त सामग्री को आश्रित ग्राम कोर्रेमुड़ा ले जाया गया है। सामग्री वापसी को लेकर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी का कहना है कि रोड निर्माण के लिए स्वीकृति नहीं मिली है। झुंझराकसा सरपंच एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर से कमार बसाहट में सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

## गणवेश, पुस्तक वितरण के साथ मनेगा शाला प्रवेशोत्सव

- 21 जून को केंद्रीय विद्यालय में जिलास्तरीय कार्यक्रम होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्कूल खुलने से पहले ही छात्रों के लिए गणवेश, किताब और छात्राओं के लिए साइकिल पहुंच चुकी है। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान इन चीजों का वितरण किया जाएगा। पढ़ाई शुरू होने के साथ ही छात्र-छात्राओं को यह सुविधा मिल जाएगी। इसके अतिरिक्त छात्रों को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

गर्मी को देखते हुए इस बार स्कूल खुलने की तारीख को दो दिन बढ़ाया गया है। हर साल 16 जून को स्कूल खुलते थे। इस साल 18 जून को सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों को भी खोला जाएगा। जिला स्तर पर शाला प्रवेशोत्सव 21 जून को केंद्रीय विद्यालय में मनाया जाएगा। इसके बाद ब्लाक स्तर पर शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इस साल शिक्षा विभाग द्वारा गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। स्कूल खुलने से पहले ही भवनों को अपडेट किया जा चुका है। मध्यान्ह भोजन के लिए चावल का वितरण कर समूहों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

#### पहुंची शिक्षण सामग्री

शिक्षण सामग्री स्कूल खुलने से पहले पहुंच चुकी है। यू डाइस से पिछले साल के छात्रों की संख्या का आधार मानकर गणवेश मंगाया गया है। अभी छात्रों के लिए 1-1 सेट गणवेश आया है। जानकारी के अनुसार कुल 80 हजार 277 नग गणवेश आया है। बाद में छात्रों के एडमिशन की स्थिति क्लियर होगी और फिर से गणवेश की डिमांड की जाएगी। इसी प्रकार पहली से दसवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए पुस्तक और नवमीं की छात्राओं के लिए साइकिल भी आ चुकी है। स्कूल खुलने के बाद इनका वितरण किया जाएगा।

## बाइक सहित तीन वाहन टकराए हादसे में तीन लोग हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- अछोटा के पास की घटना

नगरी मार्ग से अछोटा के पास बाइक सहित तीन वाहनों में टक्कर हो गई। इस घटना में तीन लोगों को मामूली चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार भारतमाला परियोजना में मटेरियल सप्लाई के काम में लगा हैवी ट्रेलर वाहन गुरूवार को डस्ट खाली कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ट्रेक्टर भोयना की तरफ जा रही थी। अछोटा पेट्रोल पम्प के पास ट्रेलर क्रमांक यूपी 32 एटीसी 0877 ने सामने से आ रही साहू कृषि फार्म पीपरछेड़ी गागरा की ट्रेक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेलर की टक्कर से ट्रेक्टर ने अनियंत्रित होकर सामने खड़ी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। टक्कर से मोटरसाइकिल ट्रेक्टर ट्राली के नीचे दब गई। मोटरसाइकिल में एक बच्चा भी बैठा था। हालांकि उसे चोट नहीं आई है। घटना में ट्रेलर में बैठे चालक सहित तीन लोगों को मामूली चोट आई है जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई। सूचना पर यातायात पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गयी। इस घटना में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

### सीढ़ी से फिसलकर गिरा अधेड़, मौत



**धमतरी**। छत से उतरते समय सीढ़ी से फिसलकर अधेड़ नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल की अस्पताल में मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के गाम राजपुर निवासी द्वारिका पटेल पिता बुधुराम उम्र 54 वर्ष बुधवार को छत पर घूम रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम बदलने से आंधी चलने लगी। तेज हवाओं से बचने अधेड़ जल्दी-जल्दी सीढ़ी के रास्ते छत से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी में पैर फिसल जाने से वह जमीन पर गिर गया। इस घटना में अधेड़ को गंभीर चोट लगी थी। परिजनों ने घायल को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिये तत्काल मसीही अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ घंटे के बाद घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरूवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## गर्मी में प्रशिक्षण से शिक्षकों की हो रही तबियत खराब

**केस 1**

सेजेस बठेना में प्रशिक्षण के दौरान भीषण गर्मी व उमस के कारण शासकीय प्राथमिक शाला भरारी के सहायक शिक्षक तोषण राम ध्रुव की अचानक तबीयत खराब हो गई। प्रशिक्षण स्थल पर प्राथमिक उपचार की सुविधा, पानी, ओआरएस नहीं था। शिक्षक रमेश कुमार देवांगन, नोमेश साहू, अरविंद मिश्रा ने मेडिकल से दवाइयां लाकर खिलाई। उन्हें अलग से पंखे के नीचे सुलाया गया।

**केस 2**

बेलरगांव जोन अंतर्गत शिक्षक विक्रांत ठाकुर प्रधानपाठक प्राथमिक शाला घुरावड़ ट्रेनिंग स्थल जाते समय भीषण गर्मी के कारण रास्ते में ही अटल चौक बेलरगांव के पास बेहोश होकर बाइक से गिर गए, जिन्हें तत्काल वहां पर उपस्थित लोगों ने प्राथमिक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलरगांव में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है। उन्हें नगरी अस्पताल जाने की सलाह दी गई है।







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रीष्मकालीन अवकाश और गर्मी में चार दिवसीय एफएलएन 3.0 प्रशिक्षण 10 से 13 जून तक धमतरी जिले के चारों ब्लॉक में आयोजित किया गया है, जिसका छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ एवं सर्व शैक्षिक संघ ने बहिष्कार कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी में कूलर, पंखे काम नहीं कर रहे हैं। इस गर्मी में कोई भी शिक्षक मानसिक एवं शारीरिक रूप से इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए तैयार नहीं है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित महोबे एवं जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू ने जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराया। उनकी मांग है कि शिक्षक प्रशिक्षण उचित समय में रखा जाए। प्रशिक्षण बहिष्कार करने वालों में ममता खालसा, हरीश सिन्हा, शेषनारायण गजेन्द्र, आलोक मत्स्यपाल, राणाजी राव रणसिंह, लोचन प्रसाद साहू, लोमश प्रसाद साहू, वरूण साहू, दीपक सहारे, पदुमलाल साहू, हुमन चन्द्राकर, बेदराम साहू, पवन परिहा, उदयभान पाल, झुमुकलाल साहू, लुकेश्वर निषाद, महेश कुमार साहू, दिनेश कुमार गायकवाड़, रोहित दीवान, दुष्यंत साहू, शेखन साहू आदि शामिल हैं।

### शहर के अस्पतालों में सेवाएं देने कुछ समय के लिए आते हैं

# शहर में न्यूरो विशेषज्ञ की कमी, इलाज के लिए राजधानी का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में शासकीय व निजी तौर पर बने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्थायी रूप से न्यूरोलाजी या न्यूरोसर्जन डॉक्टर की कमी है जिसके कारण न्यूरो से संबंधित मरीज बेहतर इलाज के लिए रायपुर या अन्य शहर में जा रहे हैं। शहर के कुछ अस्पताल या नर्सिंग होम ऐसे हैं जहां न्यूरोलाजी या न्यूरोसर्जन कुछ घंटों के लिए इलाज करने आते हैं। लेकिन क्रिटिकल केस या ओटी से संबंधित मरीजों के लिए सुविधा नहीं होने पर रायपुर या अन्य शहर जाने की सलाह देते हैं। निजी अस्पतालों में भी बाहर से आने वाले विशेषज्ञों की रेग्युलर सर्विस नहीं है।



फाईल फोटो

#### क्या है न्यूरोलाजिस्ट

न्यूरोलाजिस्ट एक ऐसे डाक्टर विशेषज्ञ हैं जो मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी व नसों की बीमारियों के विजन और उपचार के लिए माहिर होता है। तंत्रिका तंत्र शरीर का कमांड सेंटर हैं जो हर काम को नियंत्रित करता है। विशेषज्ञ डाक्टर अल्जाइमर, मनोभ्रंस, मस्तिष्क चोट, रीढ़ की हड्डी, लकवा, ब्रेन हेमरेज आदि का इलाज करता है। संबंधित मरीज को अगर तत्काल इनकी सेवा मिल जाए तो उनकी जान बच सकती है। जरा सी लापरवाही या देरी मरीज को मुश्किल में डाल देती है।

#### इलाज में देरी होने से जान भी जा सकती है

शहर की दामिनी वर्मा ने बताया कि उनके भाई के सिर में दर्द होने की शिकायत आई। डाक्टर को दिखाने पर उन्होंने न्यूरो विशेषज्ञ को दिखाने कहा। शहर में न्यूरो विशेषज्ञ की कमी के चलते रायपुर ले जाना पड़ा। वहां इलाज के बाद अब ठीक है। उनका कहना है कि शहर में न्यूरोलाजी, न्यूरो सर्जन की आवश्यकता है। शहर के अन्य नागरिक ज्ञानचंद लुनावत, सुरेन्द्र जैन, अजय पारख, नीतेश, मनोज सोनी, तरूण जैन, जोगेन्दर सिंह आदि का कहना है कि शहर के मुख्य चिकित्सालय में न्यूरोलाजी या न्यूरोसर्जन डाक्टर की नितांत आवश्यकता है। न्यूरो से संबंधित मरीजों को इलाज के लिए शहर से बाहर जाना पड़ता है। इमरजेंसी पेशेन्ट के न्यूरोलाजी तक पहुंचने के दौरान केस क्रिटिकल हो जाता है। इलाज में देरी होने से जान भी जा सकती है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन व छग शासन से तत्काल न्यूरो विशेषज्ञ की पदस्थापना की मांग की है।

#### न्यूरो विशेषज्ञ की मांग चल रही

शहर में न्यूरो विशेषज्ञ की कमी को देखते हुए न्यूरोलाजी या न्यूरोसर्जन की मांग अर्से से की जा रही है ताकि अंचल के संबंधित मरीजों को इसका लाभ मिल सके। चूंकि अस्पताल में प्रतिदिन दर्जनों केस आते हैं। सुविधा नहीं होने की वजह से उन्हें वापस लौटना पड़ता है। - सीएमएचओ

## सांकरा के आश्रित ग्राम भैंसासांकरा में लइका घर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम भैंसासांकरा के माता तालाब समीप महिला भवन में लइका घर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शशि ध्रुव सरपंच सांकरा ने कहा कि लइका घर में सात माह से तीन साल के बच्चों के लिए शासन द्वारा खानपान, पोषण आहार, देखरेख सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। मौके पर पारस साहू उपसरपंच, वार्ड पंच व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


हरिभूमि

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### मत्स्य पालन पर दिया प्रशिक्षण

**नगरी।** मत्स्य विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर ग्राम पोड़ागांव में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उमेश देव जनपद सदस्य नगरी थे। अध्यक्षता मन्नू राम ध्रुव सरपंच ने की। विशेष अतिथि पवन कुमार ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी बालका मछुआरा समिति, नाथ्ये सूर्याकर, राम यादव, लक्षन बिसेन, देवव्रत सोम, कुंतालाल नाग, महेंद्र नाग, पूरन रावटे, प्रभु रावते, रामानंद नाग, नरोतम नेताम, आसबाई यादव, हेमलता बिसेन, बरमा बाई नाग, देवबती बाई, राजबाई, तुलसी बाई थे। कार्यक्रम में श्री तिवारी निरीक्षक मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

## निधन

### बुधंतीन साहू



**धमतरी।** ग्राम तेलीनसत्ती निवासी श्रीमती बुधंतीन साहू 87 वर्ष का निधन हो गया। वे स्व. तुलसीराम साहू एवं तुलाराम साहू की मां तथा आकाश साहू एवं सोनू साहू की दादी थीं। दाह संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### भूखनलाल साहू



**मगरलोड।** ग्राम कुंडेल मधुबन निवासी भूखनलाल साहू का आकस्मिक निधन 12 जून को हो गया। वे खिलेश्वरी के पति एवं गणपत राम के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।




नेक काम करने की ऐसी लत लगी कि तैयार कर ली वंदेमातरम परिवार समिति

# विश्व रक्तदान दिवस : 20 वर्षों में रक्तदाताओं के सहयोग से लाखों जरूरतमंद मरीजों की बचाई जान

यशवंत गंजीर ⏭ कुरूद




कभी किसी अपनों को खून की कमी से तड़पता देख इस शख्स में जनसेवा जैसे नेक काम करने की ऐसी लत लगी कि आज एक छोटे से कस्बे में वंदेमातरम परिवार समिति तैयार कर अब तक लाखों लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित व रक्तदान करवाकर क्षेत्र, जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में लाखों लोगों की जान बचा चुके हैं। धमतरी जिले के कुरुद में संचालित वन्देमातरम परिवार समिति पिछले 20 वर्षों में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए हज़ारों जगह कैंप और ब्लड बैंक के माध्यम से एक लाख से ज़्यादा मरीजों तक ब्लड पहुंचाकर उनके जीवन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह समिति केवल रक्तदान तक ही सीमित नहीं है बल्कि एम्बुलेंस सेवा, लावारिस लाशों को सद्गति देने के अलावा गरीब परिवारों के किसी सदस्य के निधन हो जाने पर उसके दाह संस्कार के लिए निःशुल्क तीन क्विंटल लकड़ी की भी व्यवस्था करते आ रही है और यह संभव हुआ है समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर के नेक कार्यों से।

### अपने सेवा कार्यों से प्रदेशभर में छोड़ी अमिट छाप

हरिभूमि से चर्चा करते हुए वंदेमातरम परिवार प्रमुख भानु चन्द्राकर ने बताया कि 20 वर्ष पहले उसका एक रिश्तेदार घायल अवस्था में अस्पताल में खून के लिए तड़प रहा था। उनके लिए एक यूनिट खून की व्यवस्था करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। उसी दिन से मैंने ठान लिया कि कोई भी जरूरतमंद खून की कमी से दम नहीं तोड़ेगा। कुरुद के कुछ साथियों के साथ मिलकर वन्देमातरम परिवार समिति बनाकर छोटे से क़स्बे में अपना सेवा कार्य शुरू किया और आज जिला एवं प्रदेश स्तर तक सफर करने वाले पहली समाजिक संस्था है जिन्होंने 20 वर्षों के कठिन संघर्षों के साथ ज़रूरतमंद मरीज़ों की जान बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। आज भी शासन और स्वास्थ्य विभाग के अभिनव प्रयास से लगातार रक्तदान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### जन जागरुकता से बढ़ी रक्तदाताओं की संख्या

भानु ने बताया कि 20 वर्ष पहले जब ब्लड के लिए मरीजों के परिजन उससे संपर्क करते थे और जब लोगों को ब्लड देने के लिए कहते तो अधिकांश लोग ब्लड देने मना कर देते थे। उस कालखंड में स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 100 मरीजों के लिए 30 लोग ही ब्लड देने के लिए बड़ी मुश्किल से तैयार हो पाते थे। हमारी समिति ने जनजागरूकता लाने पर्व, जयंती आदि में अनेक गांवों में शिविर आयोजित कर इस दिशा में भी काम किया। आज प्रदेश में 100 मरीज़ों के लिए 70 रक्तदाता रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। इन्हीं के बलबूते उनकी समिति ने कोरोनाकाल में 2200 कोरोना मरीजों को अस्पताल पहुंचाया। 800 लोगों तक आक्सीजन सेवा उपलब्ध कराई गई। प्रदेश में लगभग 1000 से उपर प्लाज्मा डोनेट कराया है।

### 2700 गरीब परिवारों को भी कर चुकी है मदद

पिछले 15 वर्षों से एम्बुलेंस सेवा शुरू कर 6000 मरीजों को अस्पताल पहुंचाया है। विगत 15 वर्षों में 3 क्विंटल लकड़ी की निःशुल्क व्यवस्था 2700 गरीब परिवारों के सदस्य के निधन होने पर दाह संस्कार हेतु कर चुके हैं। 71 लावारिस लाश का कफ़न दफन कर चुके हैं। इसके साथ ही गरीब परिवारों को शादी एवं मृत्यु कार्यों के लिए निःशुल्क बर्तन एवं टैंकर उपलब्ध कराना, पौधरोपण, विभिन्न खेल के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन निरंतर जारी है। इन कार्यों के लिए बतौर संरक्षक पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का भी निरंतर सहयोग वंदेमातरम समिति को मिल रहा है।

# भारतीय किसान संघ के तोमन ब्लॉक अध्यक्ष बने

- किसान संघ ब्लॉक मगरलोड की वार्षिक बैठक में कार्यकारिणी का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



ग्राम भरदा के सामुदायिक भवन गोठान चौक में भारतीय किसान संघ ब्लॉक मगरलोड की वार्षिक बैठक हुई। इसमें ब्लॉक के ग्राम भरदा, परसवानी, मगरलोड, करेली छोटी, छिपली, लुगे, मोहंदी, भैंसमुंडी, मेघा, गिरौद, कमरौद, सांकरा, भोथीडीह, छिपली सहित 16 गांव के किसानों ने भाग लिया। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, कपिल देव पटेल, प्रदीप चंद्राकर, अशोक कुमार साहू की उपस्थिति में भगवान बलराम की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में खाद, बीज के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। इस दौरान अध्यक्ष,कार्यकारी सदस्यों का गठन किया गया।सर्वसम्मति से भारतीय किसान संघ के तोमन सिंह साहू शिक्षक ब्लॉक अध्यक्ष, मंशाराम साहू उपाध्यक्ष, डोमेश्वर उपाध्यक्ष, हीरालाल साहू सचिव करेली, सहसचिव भोजराज पटेल, घनश्याम साहू एवं बसंत साहू मगरलोड, मीडिया प्रचारक महामंत्री, फतेह लाल साहू बेलोरा कोषाध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती गेंदा साहू अध्यक्ष, धनेश्वरी साहू उपाध्यक्ष, दिनेश्वरी साहू, शशिकला साहू, भुनेश्वरी बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में सीताराम सिंह, राम विशाल, भक्तराम साहू, लोचन साहू, रामाराम साहू ,गिरधारी पटेल, ईश्वर साहू, राम विशाल निषाद ,चतुरराम साहू, चरण साहू, झम्मनदास वैष्णव, हरीश, हरि चक्रधारी, टेकराम चक्रधारी ,कमलेश मारकंडे, चित्रसेन ,गजेंद्र साहू ,रामेश्वर साहू, श्रवण कुमार साहू, तामेश्वर साहू, बसंत साहू , टेकराम चक्रधारी, युवराज साहू, श्रीमती भुनेश्वरी ध्रुव, श्रीमती दिनेश्वरी साहू, श्रीमती शशिकला साहू, कपिल देव पटेल, प्रदीप चंद्राकर, अशोक कुमार साहू, रामलाल, दिनेश, भिमन्यु, भोजराज, धयाराम, शुक्लु राम, जयतु राम, लखन लाल साहू, झामेश्वर, कुलेश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, भारत लाल, तरूण कुमार, राजेंद्र, लक्ष्मी साहू, लखन लाल साहू, हिरदे साहू शामिल हैं। तोमन सिंह साहू एवं मंशा राम ने कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

# खोदे गए गड्ढों की होगी मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम टेंगना में नल-जल कनेक्शन के लिए ठेकेदार द्वारा गलियों की खुदाई की गई। इसकी मरम्मत नहीं होने से कीचड़ हो गया है। यह समस्या बरसात के दिनों में और बढ़ जायेगी। ग्रामीणजनों ने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से मिलकर इस समस्या के निदान की मांग की। विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए तत्काल विभागीय अधिकारी से चर्चा कर गड्ढों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। अधिकारी ने ठेकेदार से रोड की खुदाई की मरम्मत कराने की बात कही। इस अवसर पर चंद्रभान सिंह, कृष्ण कुमार, चंदूलाल, खिंजन कश्यप, हरिशचंद्र साहू, कुलेश्वर ध्रुव, सियाराम, ओमप्रकाश, कन्हैया कश्यप, कुलदीप कश्यप, हेमंत कुमार, देवेंद्र कुमार, प्रेमचंद कश्यप, गणेशराम, रामसुंदर, जगतराम, खम्हन मरकाम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारना में बच्चों के लिए बना ओपन जिम एवं झूलाघर

**कुरुद।** ग्राम विकास समिति एवं ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम बारना में ओपन जिम एवं झूलाघर का निर्माण किया गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार निषाद ने बताया कि इस निर्माण कार्य का उद्देश्य बच्चों के मनोरंजन के साथ उसका शारीरिक एवं मानसिक विकास करना है। साथ ही इससे गांव की एक अलग पहचान बनेगी। आगे बताया कि झूलाघर में बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों की भीड़ देखते ही बनती है।



# सांसद नाग ने कर्णेश्वर मंदिर में महादेव के दर्शन किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने नगरी प्रवास के दौरान रात्रि विश्राम सिहावा विश्राम गृह में किया। सुबह उन्होंने सिहावा स्थित सुप्रसिद्ध महादेव मंदिर कर्णेश्वर धाम पहुंचकर दर्शन लाभ लिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, विकल गुप्ता उपस्थित थे। कर्णेश्वर धाम समिति के अध्यक्ष विकल गुप्ता एवं कर्णेश्वर धाम समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

# समाज के विकास के लिए एकता जरूरी



विश्वकर्मा समाज की हुई जिला कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

विश्वकर्मा समाज की जिला कार्यकारिणी मीटिंग धमतरी में रखी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पालकराम विश्वकर्मा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाना है तो एकता सबसे ज्यादा जरूरी है। जब परिवार में सभी सदस्य एक साथ रहते हैं तो कोई भी व्यक्ति उंगली उठाने में सोचता है लेकिन जब वही परिवार अकेला रहता है तो कोई भी व्यक्ति बोलने लगता है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्यामसुंदर विश्वकर्मा, जिला प्रवक्ता तामेश्वर विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, जिला सचिव तामेश्वर विश्वकर्मा, दाऊलाल विश्वकर्मा, दयाराम विश्वकर्मा, लुकेश, गणपत, जीवधन, नरेश, मन्नू, हेमराज विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### कातलबोड़ में कबीर जयंती समारोह का आयोजन

# धर्म को न समझने के कारण आज मानव में संघर्ष की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



धर्म को भली भांति समझने के पश्चात ही वसुधैव कुटुंबकम की स्थिति निर्मित हो पाएगी। वर्तमान में धर्म को न समझने के कारण मानव-मानव में संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई है। उक्त उद्गार कबीर पारख मंडल कातलबोड़ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कबीर जयंती समारोह में पधारे संतों ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम में कबीर आश्रम नयापारा राजिम से विचार साहेब, समेंद्र साहेब, कबीर आश्रम परसट्ठी से हरेंद्र साहब, नवागांव कचना से समता साहेब, मंदरौद से घनश्याम साहेब सहित प्रदेश के विभिन्न आश्रमों से पधारे संत एवं साध्वियों ने अपने विचार रखे। इस वर्ष भी आयोजित यह सत्संग कार्यक्रम सत्ती चौरा कातलबोड़ में सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रामगुलाल पटेल, गोविंद राम साहू, पदुमलाल साहूर, सरपंच सुनीता मोती साहू, घसिया राम साहू, नरपतलाल साहू, कामराय साहू, देवराय, डोमन पटेल ,संतोष पटेल, हरप्रसाद साहू, गयन साहू, रेखराम साहू, दाऊलाल साहू, संतराम साहू, हरीश साहू, प्रमोद साहू, त्रिभुवन साहू, टिकेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, पवन साहू, रूपेश्वर साहू, तेजन साहू, रविंद्र साहू ने सत्संग प्रेमियों एवं संतों के प्रति आभार व्यक्त किया।

Pride of Dhamtari










विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17558, सिर्री - 99261-66875, गीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97555-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में कोमाखान पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।
शांतिलाल पारकर पिता भुनेश्वर पारकर (42 साल) निवासी सोनामुंदी ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता भुनेश्वर पारकर खरियाररोड से किराना सामान लेकर अपने घर ग्राम सोनामुंदी वापस आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम टेमरी और सोनामुंदी के मध्य रास्ते में वाहन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीजे 9566 के चालक विपरीत दिशा से तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे पिता के वाहन सीजी 06 जीके 2320 को ठोकर मार दिया। घटना में मेरे पिता के सिर और बाएं हाथ के कंधे तथा दायें हाथ की कलाई के ऊपर हथेली पर गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें 112 वाहन से इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया, जहां प्राथमिक उपचार पश्चात रायपुर रेफर किया गया।

### धारदार हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने धारदार बटन चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त करते हुए सरायपाली थाना में आर्म्स एक्ट की धाराओं के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली के पास हिमांशु सोना अपने हाथ में एक स्टील का धारदार बटनदार चाकू लेकर आम जगह पर लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। जिससे वहां से गुजरने वाले लोग भयभीत हैं। बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम पता हिमांशु सोना पिता महेश सोना (21 साल) निवासी वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली बताया। आरोपी के पास से धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया।

स्कोप नहीं होने की वजह से विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही

# इंजीनियर बनने छात्रों में रूचि कम, पीईटी परीक्षा में केवल 413 परीक्षार्थी शामिल हुए






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इंजीनियरिंग के क्षेत्र में स्कोप कम होने की वजह से छात्र-छात्राओं की रूचि इस क्षेत्र में कम हो रही है। यही वजह है कि राज्य के बड़े-बड़े इंजीनियरिंग कालेज में 40 प्रतिशत तक भी एडमिशन नहीं हो रहा है। इससे कई इंजीनियरिंग कालेज बंद हो गए। छात्रों का रूझान अब अन्य टेक्निकल क्षेत्रों में बढ़ गया है। मेडिकल, कम्प्यूटर साइंस जैसे क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। गुरूवार को हुई पीईटी की परीक्षा में महज 413 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिलाई। जिलेभर से 740 परीक्षार्थी का पंजीयन था जिसमें 327 अनुपस्थित रहे। दोपहर को पीपीएचटी की परीक्षा आयोजित की गई।

परीक्षा समन्वयक डॉ. श्रीदेवी चौबे प्राचार्य बीसीएस पीजी कालेज धमतरी ने बताया कि पीईटी के लिए शहर में दो केन्द्र बनाए गए थे। बीसीएस कालेज में 500 परीक्षार्थियों का नाम पंजीकृत था। 257 ने परीक्षा दिलाई और 243 अनुपस्थित रहे। इसी तरह शासकीय कन्या कालेज में 240 परीक्षार्थियों का नाम पंजीकृत था जिसमें से 156 ने परीक्षा दिलाई और 84 अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 9 से 12.15 बजे तक आयोजित थी। इसी तरह दोपहर 2 से 5.15 बजे तक पीपीएचटी की परीक्षा हुई। इसके लिए 3 सेंटर बनाए गए थे। बीसीएस पीजी कालेज में 500 पंजीकृत में से 262 ने परीक्षा दिलाई, 238 अनुपस्थित रहे। गर्ल्स कालेज में 400 पंजीकृत में से 253 ने परीक्षा दिलाई, 147 अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या स्कूल में 421 पंजीकृत में से 244 ने परीक्षा दिलाई। 177 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा दिलाकर बाहर निकले छात्र अनिकेत साहू, सोनाली साहू ने बताया कि उन्होंने पीईटी की परीक्षा दी है लेकिन उनका रूझान सीएस साइंस में हैं। इसके लिए वे जेईई मेन्स, जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। पीईटी में कट आफ मिलने के बाद वे नहीं जाएंगे। सालभर गेप करके जेईई की तैयारी कर रहे हैं। सीएस साइंस में इंडिया के अलावा फॉरेन में भी काफी स्कोप है। उनका कहना है कि इंजीनियरिंग फील्ड में स्कोप काफी कम हो गया है। पांच साल पढ़ाई के बाद भी जॉब आफर नहीं है। प्राइवेट जॉब में वर्क के कम्पयेर सैलरी नहीं बनती है। उनके साथ पालक जीवराखन साहू भी थे। उन्होंने बच्चों के सेल्फ डिसीजन को स्वीकार करते हुए कहा कि फैसले लेने बच्चे स्वतंत्र हैं।



# घटुला परिक्षेत्र के अंगेश बने अध्यक्ष

■ कार्यवाहक अध्यक्ष ने नए पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



अंगेश हिरवानी

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के आदेशानुसार व चुनाव समिति के निर्देशन व चुनाव समिति के अधिकृत सदस्य बलराम साहू सोमन साहू के मार्गदर्शन में तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का चयन कर्मा सामुदायिक भवन घठुला में किया गया जिसका शपथ ग्रहण कार्यक्रम 12 जून को हुआ। कार्यवाहक अध्यक्ष गणेश राम साहू ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले घठुला, उमरगांव, पावद्वार, गिधावा, पाइकभाटा व पदमपुर के ग्रामीण उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के पूर्व सर्वसम्मति से संरक्षक सुरेश कुमार साहू व महिला प्रकोष्ठ संरक्षक कुमारी बाई साहू का नाम चयन किया। नवनिर्वाचित परिक्षेत्रीय अध्यक्ष अंगेश साहू उमरगांव, उपाध्यक्ष कोमल साहू पांवद्वार, सचिव कैलाश साहू गिधावा, सहसचिव दिलीप साहू घठुला, कोषाअध्यक्ष कन्हैया लाल साहू पांवद्वार, महासभा सदस्य लोकनाथ साहू उमरगांव, अर्जुन साहू गिधावा, उत्तम साहू घठुला, श्रीमती कमलेश्वरी साहू उमरगांव, श्रीमती चंद्रकला साहू घठुला, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपक कुमार साहू घठुला, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शैलेंद्री साहू उमरगांव, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रभुराम साहू व भवन संचालक मंडल में गुडेश्वर साहू घठुला को दायित्व दिया गया है। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर पूर्व पदाधिकारियों को तिलक लगाकर श्रीफल भेंट किया गया।

सलाहकार गणेश साहू, केशर साहू, वेदराम साहू, बीरेंद्र साहू, जीवन साहू, शिव कुमार साहू व परिक्षेत्रीय सदस्य शत्रुघन साहू, तीजूराम साहू, रामसुंदर साहू, तुलसीराम साहू, लखन लाल साहू, शिवप्रसाद साहू चुने गए। इस अवसर पर तहसील कार्यकारी अध्यक्ष धनीराम साहू, लोकेश्वर साहू, कुबेर साहू, वासुदेव साहू, कार्तिक राम साहू, धर्मेंद्र साहू, जैनेन्द्र साहू,, ग्रामीण उमरगांव अध्यक्ष मुरली साहू, सचिव लीलाशंकर साहू, कोषाध्यक्ष डिगेश्वर साहू, ग्रामीण घटुला अध्यक्ष कुलंजन साहू, सचिव आत्माराम साहू, कोषाध्यक्ष यंजन साहू, ग्रामीण पावंद्वार अध्यक्ष रामदुलार साहू , सचिव कौशल साहू, कोषाध्यक्ष कंवरलाल साहू, ग्रामीण गिधावा अध्यक्ष लक्ष्मी नाथ साहू, सचिव कमलेश साहू, कोषाध्यक्ष कोमल साहू, ग्रामीण पाइकभाटा अध्यक्ष चमल साहू, सचिव धर्मेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष हरिशंकर साहू, पदमपुर अध्यक्ष तेजराम साहू, सहित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आज बचेगा जल तो सुनहरा अपना कल होगा

■ जल ही जीवन है पर हुई संगम की रचना गोष्ठी, जल संग्रहण पर कवियों ने पढ़ी कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड की मासिक बैठक एवं जल ही जीवन है विषय पर रचना गोष्ठी समिति के अध्यक्ष पुनुराम साहू की अध्यक्षता में हुई। द्वितीय सत्र में जल ही जीवन है विषय पर रचना गोष्ठी प्रारंभ हुई।

धौराभाठा कुंडल के रचनाकार अशोक कुमार साहू ने जल संग्रहण, जल की सुरक्षा और शुद्धता आदि मुद्दा को लेते हुए शासन द्वारा चलाए जा रहे जल जगार कार्यक्रम की सार्थकता पर अपने विचार रखे। करेली छोटी की नवोदित कवियत्री उषा किरण निर्मलकर ने गजल की बानगी पेश की। डाभा के भोलाराम ने लघु कहानी सुनाई। चिंताराम पुजारी ने कहा कि डॉक्टर धरती के भगवान हैं। आत्माराम साहू ने वर्तमान समय में मानस का महत्व और महिमा पर केंद्रित अपनी काव्य पंक्तियां पढ़ी। वीरेंद्र सरल ने भीषण गर्मी की तपिश को पेश किया।

गोष्ठी का संचालन करते हुए कवि देवनारायण निषाद ने कहा कि आज बचेगा जल तो सुनहरा अपना कल होगा। भोलाराम कुर्रे ने कहा कि सृजन का साज है। संगम की ताज है। लालेश्वर सिन्हा ने हास्य कविता की पंक्ति पेश की। नवोदित कवि चंद्रहास बघेल और कामता प्रसाद साहू ने भी अपनी प्रेरणापद रोचक कविताओं का पठन किया। सचिव आत्माराम साहू ने सभी प्रतिभागी रचनाकारों की प्रति आभार व्यक्त किया।

### पिता और छोटे भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** खेत जोताई की बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ उसके पिता और छोटे भाई ने मारपीट कर दी। मामला बसना थाना अंतर्गत ग्राम अंकोरी का है। पुलिस को प्रार्थी हेमंत डडसेना पिता नीलमणी डडसेना ग्राम अंकोरी ने बताया कि 12 जून की शाम 4.30 के आसपास मेरा छोटे भाई अक्षय डडसेना और पिताजी नीलमणी डडसेना डोंगरीखार के खेत को ट्रैक्टर से जोतवाने की बात कर रहे थे, जिसे सुनकर मैने कहा कि इस साल डोंगरीखार के खेत को मैं जोताई करवाऊंगा, आप लोग बोर की ओर के खेत को जोताई करवाना। मेरे ऐसान कहने पर वे दोनों आवेश में आ गए, गाली गलौज कर हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे।







खबर संक्षेप



## जोधापुर स्कूल के बरगद पेड़ पर लगी आग

**धमतरी।** बढ़ती गर्मी के कारण लगातार शहर में आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। कुछ दिन पहले म्युनिस्पिल स्कूल में आगजनी हुई है और अब जोधापुर स्कूल के बरगद पेड़ में आग लग गई है। ज्ञात हो कि डाकबंगला वार्ड कालेज रोड में जोधापुर प्राथमिक-माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र सहित आसपास सघन बस्ती में लोग निवासरत हैं। स्कूल के बाजू निर्माणाधीन मकान में कार्यरत मजदूरों ने पेड़ से धुआं निकलते देखा। इसकी सूचना वार्ड पार्षद सोमेश मेश्राम को दी। पार्षद ने वस्तुस्थिति देखकर फायर बिग्रेड को सूचित किया। दमकल की टीम तत्काल पहुंची और आग पर काबू पाया। वार्डवासियों की जागरूकता एवं पार्षद के प्रयास से वार्ड में गंभीर हादसा होने से बच गया।

## बच्चों ने सीखी संगीत कला और गायन

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व और दानीटोला वार्ड धमतरी निवासी कुंजीलाल कुटारे की स्व. माता सोना बाई कुटारे की स्मृति में संगीतकला और गायन का आयोजन दानीटोला वार्ड अंबेडकर मंगल भवन धमतरी में रखा गया। यह प्रशिक्षण एक महीने तक सभी वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क रखा गया। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित शिक्षक अजय वर्मा और तन्मय वर्मा ने बच्चों को संगीत और गायन के बारे में बताया। प्रशिक्षण का समापन अज्जू देशलहरे पार्षद के आतिथ्य में हुआ। समापन समारोह में अध्यक्ष पालनहार मेश्राम ने अजय वर्मा और तन्मय वर्मा का पुष्प से स्वागत किया तथा उनके प्रयासों को सहारा।

## कृषकों को मृदा परीक्षण अवश्य करवाना चाहिए

**धमतरी।** कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ईश्वर सिंह ने कहा कि आदान विक्रेता किसान से सीधे जुड़े होते हैं। किसानों को सही जानकारी देना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। कृषकों को मृदा परीक्षण करवाना चाहिये। वैज्ञानिक डॉ. शक्ति वर्मा ने फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट तथा उसके निदान पर जानकारी दी। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने मछली पालन एवं मुर्गी पालन के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान मुर्गी पालन इकाई, बकरी पालन इकाई तथा मछली के साथ बतख पालन के विषय पर जानकारी साझा की। डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी ने प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान मातृबगीचा में लगी फसल की विभिन्न प्रजाति, पॉली हाउस, फेनपेड हाउस, वर्मी टांका इकाई तथा नारियल की विभिन्न प्रजाति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आदान विक्रेताओं के साथ समन्वयक अक्षय चन्द्राकर भी उपस्थित थे।





### सफाईकर्मियों के नहीं आने से वार्डवासी नाली से निकालते हैं कचरा

# विडंबना : चार वार्डों से घिरा चौक सफाई के लिए तरस रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर में एक ऐसा चौक है जो चार वार्डों की सीमा से घिरा है। इसके बाद भी सफाई के लिए तरस रहा है। कोष्टापारा, जालमपुर, साल्हेवारपारा और महंत घासीदास वार्ड की सीमा पर रहने वाले लोग कई सालों से नगर निगम के सफाईकर्मियों का इंतजार करते करते थक गए हैं। आलम यह है कि वे खुद ही अपने घर के सामने नालियों और कचरे की सफाई करते हैं। आज तक उनके घर नगर निगम का डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले नहीं पहुंचे हैं। उनका कहना है जब वे सफाई टैक्स देते हैं तो उन्हें सफाई से वंचित क्यों रखा गया है।

कोष्टापारा निवासी राकेश धीवर, ऋषि निर्मलकर, राजकुमार पटेल ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि जब से यहां नगर निगम में नई पारी की शुरूआत हुई है, नया पार्षद चुना गया है तब से उनके घर के बाहर गलियों से लेकर नालियों की सफाई नहीं हो रही है। थक हारकर अब वे खुद दो चार दिनों में नालियों से गंदगी निकालते हैं और कचरा कलेक्ट करके दूसरे वार्ड में आने स्वच्छता दूतों को देते हैं। वार्ड के पार्षद को समस्या बताने पर उनके द्वारा सफाईकर्मी भेजने का सिर्फ आश्वासन दिया जाता है पर कभी सफाई कर्मी नहीं आते।

उनके घर के आसपास बजबजाती नालियों को वे खुद साफ करते हैं। गली अंदर की नाली जो टूट-फूटकर जर्जर हो गई है, वह आज तक नहीं बनी हैं। जबकि उनका घर चार वार्डों से घिरा है। यहां पर और ज्यादा सफाई और कार्य होना चाहिए था लेकिन यहां कोई पार्षद देखने तक नहीं आते। कोष्टापारा वार्ड के पार्षद राही नारायण यादव को भी कई बार अपनी समस्या बता चुके हैं पर कोई समाधान नहीं निकला। नगर में घरों-घर कचरा कलेक्शन होता है पर उनके घरों पर कोई भी कचरा लेने नहीं आते।

# आयुक्त ने किया ऑडिटोरियम और बालक चौक कांप्लेक्स का निरीक्षण

### मकेश्वर वार्ड में नाली की सफाई करवाने के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आयुक्त विनय कुमार ने ऑडिटोरियम में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यहां फिनिशिंग कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बालक चौक में करीब तीन करोड़ की लागत से बन रहे व्यवसायिक काम्पलेक्स की प्रगति भी देखी। कार्य अंतिम चरण पर है। उन्होंने 1 हफ्ते में कार्य पूर्ण कर निगम को हैंड ओवर करने का निर्देश संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार को दिया। यहां करीब 69 दुकानें बनाई गई हैं।

उल्लेखनीय है कि आयुक्त ने कुछ दिन पहले ऑडिटोरियम एवं बालक चौक कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया था। धीमी गति से चल रहे कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए काम की गति बढ़ाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया था। उसके बाद आयुक्त ने मकेश्वर वार्ड का पार्षद प्रकाश सिन्हा के साथ भ्रमण किया। पानी निकासी की समस्या देख संबंधित अधिकारी को गैंग लगाकर सफाई करवाने, नालियों में किए गए अतिक्रमण को हटवाने का निर्देश दिया।

इस दौरान कार्यपालन अभियंता प्रकृति जगताप, सहायक अभियंता महेंद्र जगत, स्वास्थ्य अधिकारी मो. शेरखान, राजस्व निरीक्षक देवेश चंदेल, उप अभियंता कामता नागेंद्र, कमलेश ठाकुर उपस्थित थे।

# हिंदू जागरण मंच का किया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश भार्गव, अवधेश दुबे प्रांत संयोजक हिंदू जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ के प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहनलाल साहू, विश्व हिंदू परिषद, बजंरग दल धमतरी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक ठाकुर की उपस्थिति में हिंदू जागरण मंच का विस्तार किया गया।

प्रांतीय कार्यकारिणी हेतु रंजीत साहू (कुरुद ,हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक प्रवीण साहू, जिला सहसंयोजक पुरुषोत्तम निषाद, कार्यकारिणी सदस्य जैनेन्द्र शर्मा, इंद्रेश साहू, डागेद्र साहू को हिन्दू जागरण मंच का नवीन दायित्व दिया गया। मोहनलाल साहू, दीपक ठाकुर ने हिंदू जागरण मंच के कार्य, संगठन के महत्व एवं गतिविधियों से अवगत कराया। अवधेश दुबे, राजेश भार्गव ने विश्व, देश व प्रान्त में हिंदू जागरण मंच की स्थापना, उद्देश्य से अवगत कराया।

## मुस्लिम समाज ने किया महापौर देवांगन का सम्मान



धमतरी : मुस्लिम समाज ने कार्य पूर्ण होने पर नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर विजय देवांगन का सम्मान किया।

# शिमला में धमतरी के युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



■ शाश्वत उत्सर्ग थिएटर ग्रुप एवं स्वयंसेवक निभा रहे सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ऑल इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन शिमला हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 69 वें राष्ट्रीय रंग महोत्सव में शाश्वत उत्सर्ग थिएटर ग्रुप एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 13 स्वयंसेवक कलाकारों ने हिस्सा लिया है। कलेक्टर नम्रता गांधी के विविध रचनात्मक कार्यों से प्रेरित होकर कलाकारों ने कला के साथ-साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करते हुए शिमला के अलग-अलग स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाया। नारों तथा गीत के माध्यम से लोगों को स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश दिया साथ ही पर्यटकों को तथा शिमलावासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शिमला तथा प्लास्टिक मुक्त भारत संदेश दिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने लक्कड़ बाजार, लोअर बाजार, रेलवे स्टेशन, रिच तथा माल रोड में स्वच्छता अभियान चलाया। इस सेवा कार्य की ऑल इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहिताश गौड़ भाभी जी घर पर हैं फ्रेम के सुप्रसिद्ध कलाकार तथा उपाध्यक्ष रेखा गौड, शिमला नगर निगम के मेयर सुखविंदर चौहान तथा डिप्टी उमा कौशल के साथ शिमलावासियों ने कलाकार स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की है। शा.उ.मा.वि. के प्राचार्य टीआर नागवंशी ने स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की है।

# रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग धमतरी बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम चतुर्थ वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के सभी छात्र छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए। हिना साहू, चंचल धनकर, दर्शना, प्रियंका साहू, अनुष्का राज, चांदनी, चन्द्रकला, नेहा निषाद, लोकेश्वरी एवं होमेश्वरी साहू ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

ज्ञात हो कि छात्र छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम जैसे पल्स पोलियो अभियान, मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, तम्बाकू निषेध कार्यक्रम, कैंसर रोकथाम कार्यक्रम, टीकाकरण अभियान, क्षय रोग नियंत्रण, रक्तदान दिवस, स्तनपान दिवस कार्यक्रम, नशा मुक्ति अभियान एवं विभिन्न रोगों के नियंत्रण एवं उपचार सम्बंधित जानकारी से आमजनों को अवगत कराया जाता है। नर्सिंग विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार लाल समेत महाविद्यालयीन स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दौलत को इकट्ठा करने की बजाय परोपकारी कार्यों पर खर्च करें




■ रायपुर से पहुंचे गुरुभक्त बृजलाल ने सुनाए अनेक भजन, श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**धमतरी।** प्रेमप्रकाश आश्रम टेऊंराम चालीहा महोत्सव के 12 वें दिन रात्रि में सत्संग भजन का आयोजन हुआ। रायपुर से आए गुरुभक्त बृजलाल नानवानी ने अनेक भजन सुनाए। भजन के माध्यम से उन्होंने समझाने का प्रयास किया है कि बड़े ही भाग्य से मनुष्य की योनि हमें मिली है। इसमें अच्छे कर्मों जैसे सेवा, सत्संग, सिमरन, दान, परोपकार के कार्य को करके हमें चौरासी लाख योनियों की मार के कष्टों से मुक्ति मिल सकती है। इस अनमोल जीवन को हमें मकड़ी के जाल की तरह फंसाकर खत्म नहीं करना है । आगे कहा कि हम जैसा बोएंगे वैसा ही पाएंगे। जीवन में जैसा कर्म करेंगे वैसा ही हमें उसका फल मिलेगा। हमें पाप से भरे कर्मों को कतई नहीं करना चाहिए। पुण्य से परिपूर्ण कर्म करके ही अपने इस मनुष्य योनि को सफल बना सकते हैं। अपने जीवन में दौलत इकट्ठी कर खुश होकर इतरा रहे हो वह सब तुम्हारे बाद किसी और की हो जायेगी। इसलिए इसे इकठ्ठा करके रखने की बजाय परोपकारी कार्यों पर खर्च करें।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है


चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

### मुस्लिम समाजसेवी संस्था उम्मीद एवं असरा फाउंडेशन का आयोजन

# इकरा इस्लामिक क्विज कम्पिटिशन में 311 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इकरा इस्लामिक क्विज कम्पिटिशन-2024 अंतर्गत परीक्षा आयोजित की गई जिसमें मुस्लिम समाज के 202 लड़कियां और 109 लड़के समेत कुल 311 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा अंजुमन स्कूल में सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक हुई। क्विज कम्पिटिशन का आयोजन मुस्लिम समाजसेवी संस्था उम्मीद एवं असरा फाउंडेशन धमतरी द्वारा किया गया। कम्पिटिशन में सारे सवाल इस्लाम धर्म पर आधारित थे। इम्तिहान में शामिल होने वाले लड़के-लड़कियों का पंजीयन पूर्व में किया गया था। परीक्षार्थियों को सवाल और जवाब की पुस्तक निःशुल्क प्रदान की गई। पेपर को खण्ड अ और खण्ड ब में विभाजित किया गया। खण्ड अ में 70 प्रश्नों में से सही विकल्प चुनने और खण्ड ब में सवालों के जवाब लिखना था। कुल 100 अंकों के पेपर में 70 अंक में 70 सवालों के लिये सही विकल्प चुनने का अवसर दिया गया जिसमें प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित किया गया। खण्ड ब में दो अंक के कुल 15 सवाल थे जिसका जवाब लिखना था। इसमें प्रत्येक जवाब पर दो अंक प्रदान किया जाएगा।

इस कम्पिटिशन को संपन्न कराने में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद तसनीम खान, सैय्यद असदुल हुसैन, जाहिद अहमद, तनवीर कुरैशी, संस्था उम्मीद से इस्तियाक रोकड़िया, नदीम रिजवी, साजिद अनवर, अब्दुल अजीम पुंवार, निजाम गौस, जैनुद्दीन रिजवी, जावेद राजा, असरा फाउंडेशन से मौलाना मोहम्मद आजम कादरी, सिब्तैन रजा निर्बान, अंजुमन स्कूल के प्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, असलम भाटी का सहयोग रहा।




| Dhamtari To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp